हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 21 नवंबर 2025
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्ष...



07 किसान पानी के लिए तरस रहे हैं क्षेत्र में सिंचाई का...



### खबर संक्षेप में

## नगर के कार्यकर्ताओं को मिला विहिप व बजरंग दल का दायित्व

**नलखेड़ा।** विहिप बजरंग दल की जिला बैठक बडौद में सम्पन्न हुई जिसमें नगर के कई कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व सौपा गया। बुधवार को आयोजित विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक बड़ौद में मालवा प्रांत उपाध्यक्ष महेश गोठी विभाग मंत्री विष्णु पाटीदार विभाग सहसंयोजक रवि चौहान जिला अध्यक्ष किशोर बैरागी आदि पदाधिकारी मंचासीन थे। बैठक में नवीन दायित्वों की घोषणा की गई जिनमे नगर के कई कार्यकर्ताओं को दायित्व सौपा गया। उनमें जिला सत्संग प्रमुख पिंटू परमार जिला सहगोरक्षा प्रमुख अरुण गोयल जिला सहसुरक्षा प्रमुख पवन राठौड़ पड़ाना प्रखंड मंत्री सोनू पांचाल सह मंत्री जीवन कुमावत सत्संग प्रमुख अर्पित गोठी को नियुक्त किया गया।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज होगी

**नलखेड़ा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पूरे भारत वर्ष की तरह आगर जिले में भी 21 नवंबर को 12:00 बजे से 1:00 बजे तक ओएमआर शीट पर आयोजित होगी। जिसमें सुसनेर आगर बड़ोद व नलखेड़ा चारों तहसीलों के कक्षा 5 से लेकर कॉलेज स्तर के लगभग 7 हजार भैया बहिन सम्मिलित होंगे। उक्त जानकारी देते हुए आगर जिला परीक्षा प्रभारी जयनारायण चौधरी ने बताया कि इस परीक्षा के माध्यम से भारतीय संस्कृति का ज्ञान अर्जन भारतीय महापुरुषों की जानकारी एवं चरित्र का विकास बच्चों में हो तथा बच्चों को अच्छे संस्कार प्राप्त हो यह मूल उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से भैया बहिनों को भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्म से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा तथा उनके जनरल नॉलेज की तैयारी भी बच्चे कर सकेंगे। जो भैया बहिन तहसील एवं जिले में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करेंगे उन्हें पुरुस्कार प्रदान किये जायेंगे।

## 5 रुपए में मिलेगा नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर।** विविकं कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन की पात्रता रखते हैं।

### कलेक्टर ने विभिन्न गांवों में एसआईआर प्रगति की समीक्षा कर दिए मातहतों को निर्देश

# गणना पत्रों के वितरण और डिजिटाइजेशन का सौंपा गया कार्य समय पर पूर्ण करें: कलेक्टर







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा गुरूवार को जिले के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने ग्राम पाचारूंडी, महुडिया और आमला का निरीक्षण कर बीएलओ, ग्राम पंचायत सचिव, जीआरएस, पटवारी,एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि गणना पत्रों का वितरण समय पर कर, भरे हुए फार्म प्राप्त करें तथा उनके डिजिटाइजेशन का कार्य निर्धारित समय में अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि एसआईआर कार्य में बीएलओ सुपरवाइजर और पटवारी सक्रिय भूमिका निभाते हुए सहयोग करें तथा बीएलओ और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्य की समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही कम प्रगति वाले बीएलओ को दो दिवस में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया। सुसनेर तहसील के ग्राम आंकली एवं उमरिया में भी कलेक्टर श्रीमती यादव ने एसआईआर कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया और बीएलओ को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर ने ग्राम उमरिया में शासकीय प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर भवन की स्थिति का अवलोकन किया। भवन की जर्जर अवस्था को देखते हुए उन्होंने सीईओ जनपद पंचायत एवं पटवारी को पीडब्ल्यूडी से भवन की स्थिति का प्रमाण-पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। विद्यालय में रसोईघर का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं मेनू की समीक्षा की गई। निर्धारित मेनू के अनुरूप भोजन न मिलने पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त करते हुए व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। इसमें एसडीएम आगर मिलिंद ढोंके, एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, सीईओ जनपद पंचायत, पटवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसआईआर फॉर्म जमा करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता कर रहे घर-घर संपर्क



**नलखेड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जारी है। जिसके तहत मतदाताओ को फार्म का वितरण किया जा चुका है। इन फार्म को भरकर जमा करवाने के लिए भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा घर घर संपर्क किया जा रहा है ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित नही रहे। गुरुवार को नगर के मतदान केंद्र क्रमांक 195 के मतदाताओं से भाजपा जिला मंत्री एवं मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया द्वारा पार्टी के बीएलए 2 एवं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ फॉर्म भरने में सहयोग करने के साथ ही फॉर्म अपने बीएलओ को जमा करवाने के लिए संपर्क किया गया। कई मतदाताओं के फॉर्म भी जमा करवाये गए।

## मतदान केंद्र बोरखेड़ी के बीएलओ ने किया एसआईआर के प्रथम चरण का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण

**नलखेड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य किया जा रहा है जिसमे 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक प्रथम चरण में मतदाताओं से गणना फॉर्म भरवाने व उन्हें डिजिटाइजेशन करने का कार्य हो रहा है। उक्त कार्य मे तहसील के मतदान केंद्र बोरखेड़ी मतदान केंद्र क्रमांक 177 के बीएलओ राजेश यादव द्वारा गुरुवार को शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मतदान केंद्र क्रमांक 177 पर कुल 403 मतदाता में से 11 मतदाता अन्य स्थान पर निवासरत 12 मतदाता मृत एवं 01 मतदाता डुप्लीकेट पाया गया। शेष सभी मतदाताओ के गणना पत्रक भरकर बीएलओ श्री यादव द्वारा डिजिटाइजेशन भी किया है।

## अनुबंध पत्र का कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**सीहोर।** अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है। केवल स्टाम्प पर लिखे गये नोटराईज्ड अनुबंध कानूनी अधिकार प्रदान नहीं करता है। अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के अनुबंध पत्रों पर स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क निर्धारित है। एग्रीमेंट में सम्पत्ति पर कब्जा नहीं दिया है, तो एक हजार रूपये स्टाम्प ड्यूटी और अनुबंध मूल्य का 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध के द्वारा कब्जा देने पर सम्पत्ति के बाजार मूल्य या सौदा मूल्य, जो भी अधिक हो का हस्तांतरण पत्र अनुसार 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क तथा 0.8 प्रतिशत पंजीयन फीस प्रभार्य है। अनुबंध पत्र पर उपरोक्तानुसार चुकाई गई स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन फीस का समायोजन रजिस्ट्री से हो जाता है।

## पांच स्वरूपों में स्थापित होगी पार्श्वनाथ प्रतिमा


**सीहोर।** नगर में स्थित प्राचीन श्री ओसवाल जैन मंदिर चरखा लाइन छावनी का पुनर्निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। शहर के बीचों-बीच सफेद मार्बल के पत्थरों से बना यह मंदिर आकर्षण का केंद्र बन गया है। इसी महीने 28 से 30 नवंबर के बीच यहां भगवान श्री मनमोहन पार्श्वनाथ की पुनः प्रतिष्ठा होगी। इसकी तैयारियां श्वेतांबर जैन समाज द्वारा की जा रही हैं। अभी भगवान की मूर्तियों को कस्बे में स्थित एक भवन में रखा गया है।

### छप्पन भोग लगाकर की जाएगी महाआरती

# नाग दिवाली: अलीजा महाराज देव के स्थान पर अन्नकूट का होगा आयोजन

**नलखेड़ा।** नगर के कचनारिया मार्ग स्थित श्रीमंत अलीजा राजबहादुर खांडेराव देवस्थान पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नाग दिवाली पर अन्नकूट व छप्पन भोग का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नगर के प्राचीन व चमत्कारी देव स्थान श्रीमंत अलीजा राज बहादुर खांडेराव महाराज के कचनारिया-बल्ड़ावदा मार्ग स्थित देवस्थान पर 25 नवम्बर मंगलवार को नाग दिवाली पर छप्पन भोग लगाया जा कर अन्नकूट तथा महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित होगा। इस मौके पर मंदिर पर आकर्षक सज्ज्ञा भी की जावेगी।

सेवक बालचंद राठौर ने बताया कि नाग दिवाली के अवसर पर मंगलवार को देव स्थान पर स्थित नाग मंदिर पर प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार कर प्रातः हवन अनुष्ठान के पश्चात 56 भोग लगाया जावेगा। प्रातः 10 बजे महाआरती भी जाएगी। उसके पश्चयात 10 बजे से सायं 5 बजे तक भक्त प्रसादी ग्रहण करेंगे। आयोजन में नगर सहित आसपास तथा प्रदेश के अन्य स्थानों से बड़ी



संख्या में भक्त शामिल होंगे। ज्ञात रहे कि नगर में यह एकमात्र नाग मंदिर है जहां पर प्रतिदिन भक्त अपनी मनोकामना लेकर पहुंचते हैं। देवस्थान के सेवक श्री राठौर सभी भक्तों के दुःख कष्टों का निवारण करते हैं।

### खेल मंत्री सारंग ने किया सम्मानित

# लोक नृत्य में कमला सागर विद्यालय की छात्राओं ने राज्य स्तर पर मारी बाजी, पाया तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

29वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव में लोक नृत्य में उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुवे स्थानीय कमला सागर विद्यालय की छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले नलखेड़ा व अपने स्कूल का मान बढ़ाया है। 29वां राष्ट्रीय युवा उत्सव अंतर्गत राज्य स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता 17-18 नवंबर को भोपाल में आयोजित की गई।

राज्य स्तरीय युवा उत्सव में उज्जैन संभाग की ओर से जिला आगर मालवा ने भाग लेते हुए सामूहिक लोक नृत्य में स्थानीय कमला सागर विद्यालय की छात्राओं के जिले के दल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर आगर-मालवा जिले का प्रदेश स्तर पर नाम रोशन किया। लोक नृत्य दल को पुरस्कार स्वरूप खेल



मंत्री विश्वाश कैलाश सारंग ने 20 हजार रुपए की राशि का चैक प्रदान किया गया। इस उपलब्धि में छात्राओं छबि गर्ग रश्मि तिवारी इशिका पाटीदार वेदांशी वैदिया वर्षा धाकड़ और हर्षिता पाटीदार ने नृत्य प्रस्तुति दी। प्रिया पाटीदार और खुशी राजपूत ने गायन किया। संगीत संगत में कुलदीप पूरी प्रदीप लववंशी मनीष मीणा द्वारा दी गई। टीम की इस सफलता में मार्गदर्शक शिक्षक सियाराम पाटीदार आस्था नीमा और प्रियंका पाटीदार का प्रशिक्षण रहा। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी शक्ति राऊत स्कूल संचालक दिलीप तांतेड़ ने हर्ष व्यक्त किया है।

### वाहन व्यवस्थित खड़े हों, यातायात प्रभावित करने पर कार्यवाही करें

# साहब! थोड़ी नलखेड़ा पर भी नजरें इनायत करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

गत दिनों सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने केवल आगर के लिए निर्देश दिए कि छावनी चौराहा सहित अन्य स्थानों एवं मुख्य मार्गो पर अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़े कर यातायात को प्रभावित करने पर कार्यवाही करें। बैठक में यातायात के नियमों का पालन करवाने की बात तो जिले भर की हुई लेकिन अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़े कर यातायात प्रभावित करने पर कार्यवाही के निर्देश मात्र आगर के लिए दिए गए। जबकि इस समस्या से सर्वाधिक प्रभावित नलखेड़ा नगर है। जहाँ सड़क तक अतिक्रमण हो जाने के बाद मुख्य मार्गो पर दो पहिया व चौपहिया वाहन अव्यवस्थित खड़े किए जा रहे है जिसके कारण यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसी के चलते उक्त मार्गो पर जाम लगना भी आम हो गया है।

इसके अतिरिक्त सड़क पर खड़े होकर हाथ ठेलों से अपना व्यापार करने वालों के कारण भी यातायात प्रभावित होता है। ठेले वाले बीच सड़क पर खड़े होकर अपना व्यापार प्रारम्भ कर देते है फिर उन्हें इस बात से कोई लेना देना नही होता है कि सड़क के दोनों ओर वाहनों की कितनी लंबी कतार लग गई है। मां बगलामुखी मंदिर मार्ग से पटेल चौराहे के



बीच सड़क पर ट्रेक्टर खड़े कर दिए जाते है। जिनसे भी यातायात प्रभावित होता है। वही इन ट्रेक्टर ट्रॉलियों में से कई में सरिए रखे होते है जोकि पीछे की ओर निकले होते है जो कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते है क्योंकि कई बार ये सरिए दिखाई नही देते है। साहब, यातायात के नियमो का पालन भी नगर में कही दिखाई नही देता है। हेलमेट पहने कुछ ही दोपहिया वाहन चालक दिखाई देते है। नाबालिग बेरोक टोक दोपहिया वाहनों को तेज गति से चलाते रहते है। साहब नगर में विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी का मंदिर स्थित है जहां यातायात का भारी दबाव रहता है ऐसे में थोड़ी से नजरें नलखेड़ा पर भी इनायत कर देवे जिससे थोड़ी यातायात व्यवस्था तो सुधर सकती है। इसके साथ ही यातायात सुगम बनाने के लिए स्थानीय जिम्मेदारों को भी निर्देश प्रदान करे। गौरतलब है कि नगर में यातायात का भारी दबाव होने के बाद भी यहाँ ट्रैफिक पुलिस की पदस्थापना नही है जिसके कारण भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शनिवार रविवार व अन्य अवकाश के दिनों में तो यातायात की स्थिति बद से बदतर हो जाती है।

### स्ट्रीट वेंडर जोन बनाने की आवश्यकता

नगर में स्ट्रीट वेंडरों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है जोकि कोई स्थाई जगह नही होने पर सड़क पर ही अपना व्यवसाय कर रहे है। जिसके कारण भी यातायात बुरी तरह प्रभावित होता है। निदान के लिए सप्रशासन को नगर में एक स्ट्रीट वेंडर जोन बनाकर जहाँ रेहड़ी पटरी वाले अपना व्यवसाय कर सके एवं नगरीय इलाको में यातायात सहित अन्य समस्याओं को कम हो सके।

### पार्किंग स्थल की आवश्यकता

नगर सहित आसपास के क्षेत्र में लगातार चौपहिया वाहन व दो पहिया वाहनों की संख्या बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों के साथ ही ग्रामीणजन भी अपने इन वाहनों से नगर में खरीददारी के साथ ही अन्य कार्य करने पहुंचते है। ऐसे में नगर में कोई पार्किंग स्थल नही होने से ये अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते है जिससे यातायात प्रभावित होता है। इस समस्या के निदान के लिए स्थानीय प्रशासन को नगरीय क्षेत्र में एक पार्किंग स्थल बनाना अनिवार्य हो गया है जहां वाहन खड़े कर नागरिक अपनी खरीददारी कर सके और यातायात भी प्रभावित नहीं हो।

## घर पर बोला: मैं मरने जा रहा हूं, फांसी लगाकर पेड़ पर लटका

**सीहोर।** नगर में 108 एम्बुलेंस के कर्मचारी ने फांसी लगाने के पहले घर पर बताया कि वह मरने जा रहा है। उसके कहने के बाद भाई उसे ढूंढता रहा लेकिन वह नहीं मिला। काफी समय बाद उसका शव एक पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। मामला इछावर थाना क्षेत्र में बुधवार का है। ओमप्रकाश सेन (35) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह आर्या का निवासी था। सूचना मिलने पर इछावर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

युवक इछावर में रहता था। ओमप्रकाश इछावर में रहता था और 108 एम्बुलेंस में ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) के पद पर कार्यरत था।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### जय जय राजे गीत आज होगा लॉन्च

**देवास।** लोकप्रिय व सम्मानित नेता तथा देवास विधानसभा क्षेत्र की विधायक गायत्री राजे पवार को समर्पित भावपूर्ण गीत जय जय राजे गीत शुक्रवार को लांच होगा। गीत को स्वर, शब्द और संगीतबद्ध यतिश श्रीवास्तव ने किया है जबकि इसके संगीत संयोजन का कार्य व्हाय.एफ.सी. स्टूडियो के ऋषभ श्रीवास्तव द्वारा किया गया है। यह रचना देवास की जनता के प्रेम, आस्था और विश्वास को सुरों में पिरोकर खूबसूरती से प्रस्तुत करती है। यतिश श्रीवास्तव ने बताया कि हमारी व्हाय.एफ.सी. स्टूडियो टीम ने इस गीत में देवी-भक्ति की धारा, राजमाता के प्रति सम्मान और देवास की सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक अंदाज़ में नए रूप में पेश किया है। यह गीत प्रातः 11.15 पर लांच होगा। इस गीत को व्हाय.एफ.सी. स्टूडियो के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है। साथ ही टीम ने शहर सहित समस्त श्रोताओं से अधिक से अधिक गीत सुनकर फीडबैक देने की अपील की है।

### तोमर श्री राजपूत करणी सेना की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**देवास।** श्री राजपूत करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह कालवी एवं राष्ट्रीय महासचिव अतुल प्रताप सिंह के द्वारा प्रीति तोमर देवास को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रीति तोमर की नियुक्ति पर सभी परिजनों, मित्रों ने बधाई प्रेषित की है।

### सासंद सोलंकी के नेतृत्व में हाटपीपल्या में एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का आयोजन

# लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर निकाला गया मार्च पास्ट

### आज सोनकच्छ में और कल देवास में आयोजित होगी एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर देवास जिले में सासंद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में हाटपीपल्या में एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। यूनिटी मार्च में बड़ी संख्या में छात्र, विद्यार्थी, खिलाड़ी, शिक्षक, स्वायसेवी संगठनो, समाजसेवियों ने भाग लिया। एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च पीएम श्री कन्या विद्यालय मुख्य मार्ग से होते हुए पाटीदार छात्रावास पर सम्पन्न हुई। इस दौरान मार्ग में अमर शहीद भगत सिंह, भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च के दौरान नशा मुक्ति, राष्ट्र की एकता एवं आत्मनिर्भर भारत की शपथ भी ली गई ।

एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च में विधायक मनोज चौधरी, रायसिंह सेंधव, मनीष जैन, महेश चौहान, जयेश पडियार, हेमंत देवड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत देवास एस.एस सिंह, सुदेश सांगते, सारिका राठौड, माय भारत से तारा पारगी सहित अन्य अधिकारीगण, छात्र, विद्यार्थी, खिलाड़ी, शिक्षक, स्वायसेवी संगठन, समाजसेवी उपस्थित थे। सांसद महेन्द्र सोलंकी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एकता पदयात्रा-यूनिटी मार्च का आयोजन 21 नवम्बर को सोनकच्छ एवं 22 नवम्बर को देवास में किया जाएगा। पदयात्रा/एकता मार्च सोनकच्छ में 21 नवम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ होकर अमर शहिद राजा भाऊ महाकाल शासकीय महाविद्यालय से प्रारंभ होकर, बस स्टेण्ड, बजरंग चौराहा, जैन मंदिर, राजा भाऊ महांकाल प्रतिमा, महाराणा प्रताप चौक, प्रगति नगर होते हुए गंधर्वपुरी चौराहे पर पदयात्रा/एकता मार्च का समापन होगा। पदयात्रा/एकता मार्च देवास में 22 नवम्बर 2025 को देवास से प्रातः 11 बजे श्रीमंत तुकोजी राव पवार स्टेडियम से प्रारंभ होकर, नाहर दरवाजा, नयापुरा मनकामनेश्वर, तीन बत्ती चौराहा, पीठा रोड, अलंकार चौराहा, सुतार बाखल, गोया, ए.बी रोड होते हुए सयाजी द्वार पर पदयात्रा/एकता मार्च का समापन होगा। जिला प्रशासन द्वारा जिले के नागरिकों से आग्रह किया गया है कि राष्ट्रीय एकता के प्रतीक लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती वर्ष के अवसर पर जिले में निकाली जा रही पदयात्रा/एकता मार्च में अधिक से अधिक सख्ंया में भाग लेकर पदयात्रा/एकता मार्च को सफल बनाये।




# इंटरनेशनल मार्शल आर्ट प्लेयर सुसाइड केस में मप्र जुजित्सु संघ का उपाध्यक्ष हुआ गिरफ्तार

### कोच खरसोदिया पुलिस की गिरफ्त से दूर




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जुजित्सु (मार्शल आर्ट) की इंटरनेशनल प्लेयर रोहिणी कलम की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को पुलिस ने रोहिणी के कोच विजेंद्र खरसोदिया और मध्य प्रदेश जुजित्सु संघ के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि कोच खरसोदिया फरार है। रोहिणी ने पिछले महीने 26 अक्टूबर को अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी।

बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि जांच और पूछताछ में प्रताडना की बात सामने आई है। कोच विजेंद्र खरसोदिया रोहिणी की बीमारी के बावजूद उसे प्रतियोगिताओं में भेजने का दबाव बनाते थे और उसे आराम नहीं करने देते थे। वहीं, संघ के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह रोहिणी को किसी और से बात नहीं करने देते थे। पुलिस जांच में सामने आया कि इन कारणों से रोहिणी गहरे तनाव में थी। घटना वाले दिन भी आत्महत्या से ठीक पहले रोहिणी की प्रीतम सिंह से फोन पर बात हुई थी। इसके बाद ही उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था, जिससे शुरुआती जांच उलझ गई थी। हालांकि, रोहिणी के परिजनों को कोच और उपाध्यक्ष पर शक था। उन्होंने समाजजनों के साथ मिलकर तीन बार एसपी कार्यालय में निष्पक्ष जांच के लिए आवेदन दिए थे और दोनों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) निकलवाने की मांग की थी। पुलिस जांच में पुष्टि हुई कि रोहिणी की अधिकतर बातचीत इन्हीं दोनों से होती थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# पूरे देश में देवास को अव्वल बनाने की कोशिशें तेज़ देवास में 'जनभागीदारी से जल संचय' मुहिम बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



देश में पानी बचाने के कामों में देवास जिले को अव्वल बनाने के लिए इस बार जी-तोड़ कोशिशें की जाएँगी. बीते साल जिले में जनभागीदारी से पानी बचाने की मुहिम ने देवास को देश में नौवाँ स्थान दिलाया है।

अब देवास को पहले नम्बर पर लाने के लिए अमृत संचय अभियान ने वृहद स्तर पर तैयारियाँ प्रारम्भ कर दी हैं। वर्ष 2026 में टीम ने हजारों जल संरचनाओं के ज़रिए 1000 करोड़ लीटर पानी बचाने का लक्ष्य रखा है।नई दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय से राष्ट्रीय स्तर पर 25 लाख रुपए की धनराशि तथा प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित होकर लौटीं जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा को गुरुवार सुबह अमृत संचय अभियान टीम ने बधाई देते हुए जल संरक्षण का संकल्प दोहराया। इस पर शर्मा ने जिले में जनभागीदारी से जल संचय के कामों में अमृत संचय अभियान की टीम की भूमिका को रेखांकित करते हुए सराहना की। अमृत संचय अभियान टीम के सुनील चतुर्वेदी, गंगा सिंह सोलंकी, समीरा नईम, श्रीकांत उपाध्याय, मनीष वैद्य, हिमांशु कुमावत, विपिन पंड्या तथा प्रहलाद चौहान ने संकल्प जताया कि जिले में इस बार भी जनभागीदारी से जल संचय के कामों में तकनीकी सहयोग के साथ जन जागरूकता जैसे कामों में टीम लगातार बेहतर काम करेगी। इसके लिए वृहद स्तर पर कार्य योजना बनाई गई है. जिला पंचायत सीईओ ने टीम के साथ विस्तार से इस कार्य की समीक्षा करते हुए अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश भी दिए

# अखिल भारतीय कराते प्रतियोगिता में 12 भैया और बहिनों का एसजीएफआई में हुआ प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विद्या भारती द्वारा आयोजित 36 वी अखिल भारतीय कराटे प्रतियोगिता मथुरा वृंदावन में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई मुखर्जी नगर देवास के 23 भैया बहनों ने भाग लिया। जिसमें शार्वी चौधरी, भूमि गोयल, कनिष्का बघेल, अर्चना दायमा, दर्शना पडियार, वर्णिका लोधी, दिव्या बालोदिया, तेजस्वी सेन, वन सोनी, वेदांश विश्वकर्मा, तन्मय भद्रजा, चेतन कटारिया, देवराज




सिंह ठाकुर,12 को गोल्ड, प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में जय राजपूत, नक्ष परिहार, वैदिक मुजाल्दा, 3 को सिल्वर प्राप्त हुए विशाल शर्मा, अंश पंचाल, आरती पटेल को 3 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुए और लोसिता शर्मा, अथर्व गिरी, अनन्या लोधी, 4 खिलाडियों ने पदक अर्जित किया। प्रथम स्थान प्राप्त सभी भैया/बहिन एसजीएफआई मे सम्मिलित होकर विद्यालय, मालवा प्रांत,मध्य क्षेत्र एवं विद्या भारती का प्रतिनिधित्व करेंगे। गत सत्र मे एसजीएफआई मे भैया देवराज ने गोल्ड प्राप्त कर विद्या भारती का मान बढ़ाया था। इस बार पुनः भैया वही सफ़लता प्राप्त करें, समिति अध्यक्ष अरुणरेंद्र सोनी, सचिव गुरु चरण वर्मा प्राचार्य राजेश त्रिवेदी, प्रधानाचार्य लखन चौहान कोच आतिश माली ने बधाई दी।

# प्रदेश महामंत्री वानखेड़े ने कार्यकर्ताओं से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की प्रगति, समन्वय तथा आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। "वंदे मातरम्" की प्रेरणा तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ संगठन को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि "संगठन सेवा, समर्पण और सतत संवाद से ही मजबूत होता है। प्रत्येक बूथ, प्रत्येक कार्यकर्ता हमारी शक्ति है। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों को पूर्ण निष्ठा से समय पर संपन्न करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।" विधायक गायत्री राजे पवार ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा, संगठन और राष्ट्रहित की पार्टी है। हम सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य निरंतर गति से करना है। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में सागर सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. लता वानखेड़े ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार संगठन है। जब संगठन मजबूत होता है, तभी सरकार और जनकल्याण के कार्य प्रभावी होते हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आगामी चुनावी तैयारी का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। प्रत्येक कार्यकर्ता यदि अपने-अपने क्षेत्र में समर्पण भाव से कार्य करेगा, तो हम बूथ सुदृढ़ीकरण से लेकर विजय लक्ष्य तक सहजता से पहुँच सकते हैं। इस अवसर पर सोनकच्छ विधायक राजेश सोनकर, जिला पंचायत अध्यक्ष लीलाबाई अटारिया, प्रभारी मंदसौर सुरेश आर्य, नगर निगम अध्यक्ष रवि जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष बहादुर मुकाती, नंदकिशोर पाटीदार, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री माया पटेल, भाजपा जिला महामंत्री मनीष सोलंकी, विजयसिंह पवार, पूर्व जिपं अध्यक्ष नरेंद्रसिंह राजपूत, महेश पाटीदार सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वहीं भाजपा द्वारा नियुक्त बीएलए-1 तथा बीएलए-2 भी उपस्थित थे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री राजेश यादव ने किया एवं अंत में आभार मनीष सोलंकी ने व्यक्त किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

# शिशु मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

बुधवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भौंरासा में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम के आयोजन में अध्यक्षता प्राचार्य नीता शर्मा दीदी (शा. कन्या माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य ) एवं विशेष प्रस्तोता सरोज हाडा (प्रोसेसर बीसीजी कॉलेज )एवं प्रमिला शर्मिता शर्मा एवं रत्नप्रभा पालीवाल के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में लगभग 272 महिलाएं उपस्थित रही। सप्तशक्ति संगम में सरोज हाडा ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि पर स्व की भावना से परिचित कराया। संयुक्त परिवार बनाए रखने के लिए प्रेरणा दी। प्रमिला दीदी ने भारत के विकास में महिला की भूमिका में महिलाओं को जीजाबाई,कौशल्या,सीता,सावित्री बनने के लिए प्रेरित किया। स्वर्णिमा पालीवाल (ब्रेस्ट कैंसर शोधकर्ता) ने कैंसर के बारे में जानकारी दी। ज्योति वर्मा ने बाल विवाह पर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष नीता शर्मा ने उद्बोधन में सर्वे भवंतु सुखिनाः विश्व कल्याण की बात कही। महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम किया गया जिसमें बढ़-चढ़कर महिलाओं ने भाग लिया एवं उन्हें पुरस्कृत कर महिलाओं का सम्मान किया गया । मानकुंवर सेंधव ( विद्यालय सचिव धनसिंह सेंधव की बहन) ने नवीन भवन निर्माण के लिए एक लाख रुपए की धनराशि विद्यालय के गणेश शिक्षण समिति के अध्यक्ष जमनालाल माली को प्रदान की। आभार कीर्ति बंद गणेश शिक्षण समिति के सदस्य ने माना तथा संकल्प कुमारी हर्षित माली ने दिलाया। उक्त कार्यक्रम का संचालन प्रिया माली दीदी ने किया।

### एसआईआर के तहत मतदाता गणना पत्रक का वितरण व डिजिटलाइजेशन कार्य जारी

# अब तक जिले में 32 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य पूर्ण





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण, फॉर्म का डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्य कर रहे हैं। जिले में अबतक 32 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन का कार्य हो गया है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में एसडीएम और तहसीलदारों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है। एसडीएम और तहसीलदारों द्वारा निरीक्षण के दौरान गणना प्रपत्र के वितरण एवं डिजिटलाइजेशन प्रक्रिया की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे है। उल्लेखनीय है कि जिले में एसआईआर कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर बीएलओ कार्य की मॉनिटरिंग के लिए बीएलओ सुपरवाइजर, जोनल अधिकारी नियुक्त किये गये है। साथ ही बीएलओ के सहयोग के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाए गए है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, आंगनवाडी कार्यकर्ता तथा शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकायों के वार्ड कर्मचारियों, दरोगा, राजस्व निरीक्षक को भी नियुक्त किया गया है। विधानसभा क्षेत्रों के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी निरंतर संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे है। जिला स्तर पर तथा सभी विधानसभा स्तर पर सहायता केंद्र एवं कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। मतदाताओं को फार्म भरने में असुविधा ना हो इस के लिए बीएलओ एवं सहयोगी कर्मचारी विधानसभा स्तर पर सहायता हेतु उपलब्ध रहेंगे। राजनैतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल की ओर से बूथ लेवल एजेण्ट भी नियुक्त किये जाने की कार्यवाही राजनैतिक दलों की ओर से की जा रही है।

### 69वीं राज्य स्तरीय शालेय थांगता प्रतियोगिता में देवास टीम को 1 गोल्ड, 2 सिल्वर, 1 ब्रॉन्ज मेडल




**देवास।** दतिया में 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय थांगता प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 19 अगस्त किया गया। जिसमें देवास जिले के बच्चों ने उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए 4 मेडल प्राप्त किया। जिसमें 14 साल से कम 49 किलो वजन समूह में पूर्णा उपाध्याय ने गोल्ड मेडल, 17 साल से कम आयु में 56 किलो में हंसिका राठौर ने सिल्वर मेडल, 19 वर्ष से कम आयु समूह में 62 किलो अनुष्का चौधरी ने सिल्वर मेडल, 14 साल से कम आयु समूह में 40 किलो वजन समूह में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला थांगता संघ के अध्यक्ष विश्वास उपाध्याय, सचिव राजीव चौहान, कोच विवेक बंजारे संयोजक भावेश नीम, शिव प्रजापत,कपिल व्यास खेल एवम्‌ युवक कल्याण विभाग देवास ब्लॉक प्रमुख युनुस खाना शिप्रा ग्रामीण खेल प्रभारी राजेश बराना दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल प्राचार्य इंद्रनील बनर्जी कॉर्डिनेटर हेड सपना मैडम ने खिलाड़ियों को बधाई दी। इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी पूर्णा उपाध्याय का चयन प्रतियोगिता जो कि 17 से 22 नवंबर तक दिल्ली में आयोजित के लिए हुआ है।

## खबर संक्षेप

### ओ लेबल व ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के आवेदन आमंत्रित

**ललितपुर** । निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उप्र, लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत द्वितीय चरण में भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट स्तर से चयनित प्रशिक्षणदायी संस्थाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के युवक युवतियों को ओ लेबल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराने हेतु आवेदन आमंत्रित किये है। ओ लेबल प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष तथा सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण की अवधि तीन माह की होगी एवं अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य, इण्टरमीडियट उत्तीर्ण हो और अधिकतम वार्षिक आय एक लाख रूपया से अधिक न हो वह पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उप्र की वेबसाइट पर 20 नवंबर से 1 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन फाइनल रूप से सबमिट करने के उपरान्त सम्बन्धित अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन भरे गये आवेदन की हस्ताक्षरित हार्डकापी वांछित अभिलेखों सहित अन्तिम रूप से 1 दिसंबर की सांय 05 बजे तक जनपद ललितपुर के विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय के कक्ष संख्या-29 में जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया

**ललितपुर**। थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सड़कौरा निवासी बलराम पुत्र नन्दलाल अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 19 नवम्बर को 10.30 बजे वह घर पर था। तभी पड़ोस के मनोज, रामगोपाल पुत्रगण पंखूलाल, पंखूलाल पुत्र मलखान, कमलेश पुत्र धनीराम अहिरवार ने एकराय होकर खेत की बात को लेकर गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने ट्रांस्फार्मर जलाने का आरोप लगाते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाने पहुंची जसोदा पत्नी नंदलाल, फूलन पत्नी भरोसा व भरोसा पुत्र मुलुवा के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### भैंस चोरी करने वाले बदमाश को पकड़ा

**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस ने पंजीकृत मु.अ.सं. 374/2025 धारा 303(2) बीएनएस में वांछित ग्राम कड़ेसरा बांसी निवासी जीतू पुत्र श्याम सहरिया को हिरासत में लिया है।

### बाइक सवारों से पेट्रोल पंप पर मारपीट

**ललितपुर**। थाना बानपुर के ग्राम दिदौरा में रहने वाले नीलेश पुत्र मुकेश ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 13 नवम्बर को रात करीब 8.30 बजे वह चमरौआ अपनी मोटर साइकिल से निमंत्रण में जा रहे थे। बाइक पर उसके साथ रवि व बिटटू राजा बैठे हुये थे। रास्ते में ग्राम रानीपुरा में फूलसिंह के पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल डलवाने गये, तभी पम्प के स्टाफ द्वारा रानीपुरा निवासी मुनि अभिषेक पुत्र जानसिंह व सांकरवार निवासी अजय पाल यादव के अलावा एक अज्ञात व्यक्ति ने गालियां दीं। गालियां देने का विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। इसी बीच गांव के भूपेन्द्र की बुलेरो आयी, जिसमें उनके साथ बैठे हुये साथी व भूपेन्द्र ने गाड़ी रोकी तो गाड़ी पर पत्थर मारना शुरू कर दिये। सूचना डायल 112 व चौकी पुलिस राजघाट को दी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### पति व देवर से मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर**। शहर क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर निवासी सोनम पत्नी शनि कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 17 नवम्बर की रात करीब 10 बजे उसका पति शनि, देवर लक्ष्मन जो कि मोटर साइकिल रखने के लिए चौकाबाग में चम्पा के यहां गये हुये थे, तभी वहां से संजू, अनिल व कृष्णा पुत्रगण सरमन, सरमन पुत्र नन्दलाल कुशवाहा ने उसके पति से गालियां देते हुये मारपीट कर दी।

---

राजकीय इंटर कॉलेज माताटीला में कॅरियर गाइडेंस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# पुलिस में प्रवेश की प्रक्रिया बताई, नारी मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



राजकीय इंटर कॉलेज माताटीला में बुधवार को कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सरकारी और गैर सरकारी विभागों में प्रवेश के अवसरों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि अधिशासी अभियंता लव कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

कार्यक्रम शुरुआत में मिशन शक्ति से उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह यादव, ज्योति सिंह ने पुलिस विभाग में प्रवेश की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को साइबर सुरक्षा और नारी मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक किया। ज्योति सिंह ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं, वे आईएएस, डॉक्टर, पायलट जैसे विभिन्न विभागों में कार्यरत होकर देश की सेवा कर रही हैं। उसके बाद छात्र छात्राओं को चाईल्ड लाईन, वूमेन पावर,यूपी पुलिस प्रशासन की सेवा सुदृढ सुविधाओं व सुरक्षा की जानकारी दी गई। वक्ताओं में अधिशासी अभियंता लव कुमार चौहान, डी के तिवारी और प्रधानाचार्य राम बृज राम ने कैरियर गाइडेंस के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यह बच्चों को उनकी रुचियों, कौशल और व्यक्तित्व के अनुरूप सही करियर पथ चुनने में मदद करता है। इस मौके पर स्कूली छात्राओं द्वारा कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में मिशन शक्ति के विभिन्न प्रकार के जागरूक कार्यक्रम, नाटक प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व एक्सीयन डी के तिवारी, इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार, प्रधानाचार्य राम बृज राम, सहायक अध्यापक धर्मेन्द्र कुमार, हर्षित जैन, सुषमा राजा, अनिल कुमार, अनूप सिंह, कुसुम राजा, हिमानी, राज कमल राजपूत अन्य शैक्षिक विभाग स्टाप व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---

माइनर नंबर 1 की दुर्दशा ने हालात और गंभीर कर दिए

# किसान पानी के लिए तरस रहे हैं क्षेत्र में सिंचाई का संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सजनाम बांध से निकलने वाली सिंगेपुर-खजुरिया माइनर नंबर 1 की दुर्दशा ने हालात और गंभीर कर दिए हैं। माइनर खजुरिया गांव से होकर गुजरती है, लेकिन लंबे समय से इसकी मरम्मत न होने और जगह-जगह टूट जाने के कारण बांध से छोड़ा गया पानी खेतों तक पहुंच ही नहीं पा रहा। वहीं, जहां किसी तरह पानी पहुंच भी रहा है, वहां वह फसलों को बचाने के बजाय पूरी तरह बर्बाद कर रहा है। माइनर के कई स्थानों पर टूटे होने के चलते पानी खेतों में पहुंचने से पहले ही बाहर बह जाता है। ऊपर की तरफ से बहकर निकलने वाला पानी बड़े नाले में समा जाता है, जिससे सिंचाई के लिए छोड़ा गया कीमती पानी व्यर्थ चला जाता है। निचले हिस्सों में जिन खेतों तक पानी पहुंचता भी है, वहां अचानक ज्यादा मात्रा पहुंचने से खड़ी फसलें चौपट हो रही हैं। एक तरफ ऊपरी हिस्से के किसान पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं, वहीं नीचे की ओर रहने वाले किसानों के खेतों में बेतरतीब पानी पहुंचकर नुकसान कर रहा है। फसलें गल रही हैं, अनेक खेतों में पानी भर गया है, वहीं अन्य किसान सूखे से परेशान हैं।

### किसानों का आरोप है कि घोटाला चल रहा



ये स्थिति सिंचाई व्यवस्था की खामियों को साफ बयां करती है। स्थानीय किसानों का आरोप है कि घोटाला चल रहा है। मरम्मत के नाम पर कागजों में बजट खर्च दिखा दिया जाता है, जबकि जमीनी हकीकत में माइनर और नहरें जर्जर हालत में पड़ी हैं। विभाग के अधिकारी मलाई खा रहे हैं, ठेकेदार मजे कर रहे हैं, और हम किसान पानी के लिए आस लगाए बैठे हैं। लगातार खराब होती सिंचाई व्यवस्था से किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। कई किसानों ने बताया कि वे कई बार विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। हर बार आश्वासन मिलता है, पर माइनरों की मरम्मत आज तक नहीं हुई। खराब सिंचाई व्यवस्था का सीधा असर रबी की तैयार फसलों पर पड़ रहा है। चना, गेहूं और मसूर जैसी प्रमुख फसलों के लिए समय पर पानी अत्यंत आवश्यक है, लेकिन टूटे माइनरों और नहरों के कारण पानी पहुंच नहीं पा रहा। यदि हालात जल्द नहीं सुधरे तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की माइनरों और नहरों की तुरंत मरम्मत, जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों की जांच, सिंचाई की नियमित निगरानी की मांग उठायी है।

---

पूर्व प्रधान ने सौंपा ज्ञापन

# डीआरएम ने किया धौर्रा स्टेशन का निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

धौर्रा रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक डीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान पूर्व प्रधान व स्थानीय प्रतिनिधि द्वारा उनसे मुलाकात कर रेल मरम्मत कार्य के दौरान यात्रियों को होने वाली असुविधाओं के संबंध में एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में इस बात पर जोर दिया गया कि आगामी 27 नवंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 तक रेल मरम्मत कार्य के कारण झेलम एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित किया जाएगा और झाँसी-बीना मेमो ट्रेनों का परिचालन बंद रहेगा। इस अवधि में यात्रियों की असुविधा को देखते हुए, स्थानीय जनता ने डीआरएम से अस्थायी व्यवस्था करने की मांग की है। धौर्रा स्टेशन पर महामना एक्सप्रेस का अस्थायी स्टॉपेज दिया जाए। झाँसी-बीना रूट पर लगभग 19 छोटे-बड़े स्टेशनों पर मेमो ट्रेन के स्थान पर किसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेन को पैसेंजर ट्रेन बनाकर चलाया जाए, जिससे जनमानस को परिवहन की सुविधा मिल सके। इस दौरान पूर्व प्रधान रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, शाहिद खान, राकेश शर्मा, धर्मेंद्र यादव, भगवान सिंह यादव, विपिन जैन, मोनू चौबे, आर्यन मिश्रा, अभिषेक, श्यामसुंदर मिश्रा, मुन्ना यादव, नंदराम रजक, रवि यादव एवं बारेलाल अहिरवार मौजूद रहे।

---

महिलाओं ने डीएम को भेजा ज्ञापन

# सार्वजनिक शौचालय का रास्ता खुलवाने के लिए लगाई गुहार



**ललितपुर**। वर्षों से सार्वजनिक शौचालय को बाउण्ड्रीबाल से ढक दिये जाने का आरोप लगाया गया है। सार्वजनिक शौचालय जाने वाले रास्ते को बंद किये जाने के मामले को लेकर महिलाएं जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची, जहां उन्होंने सार्वजनिक शौचालय को जाने वाले रास्ते को खुलवाये जाने की मांग उठायी है। डीएम को दिये ज्ञापन में वार्ड नं. 7 मोहल्ला बड़ापुरा झांसीपुरा में रहने वाली महिलाओं ने बताया कि वार्ड पार्षद व नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा कांशीराम पार्क के पीछे बाउण्ड्रीबाल बनाकर दी थी और बाउण्ड्रीबाल के बन जाने से वहां पर पूर्व से बने सार्वजनिक शौचालय को जाने वाले मार्ग को भी चारों ओर से बंद कर दिया है। इस कारण मोहल्ले के लोग सार्वजनिक शौचालय का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि यह रास्ता नगर पालिका के द्वारा बनाया गया था, जो कि सार्वजनिक शौचालय की ओर जाता है। इसे जल्द खुलवाये जाने की मांग उठाते हुये महिलाओं ने जनहित में डीएम से मांग की है। ज्ञापन देते समय पार्वती, सरोज, प्रीति, शारदा, सोना, जानकी व लक्ष्मी आदि मौजूद रहीं।

---

राष्ट्रीय लोक अदालत बैठक हुई

# 13 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, प्रकरणों का निपटेंगे



**ललितपुर**। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला जज/अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसम्बर के आयोजन के सम्बन्ध में जनपद के समस्त नोडल अधिकारी के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सचिव मयंक जायसवाल, एएसपी कालू सिंह, एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम, एआरटीवी वी.के., एलडीएम रंजीत कुमार, डीआईओ, एसडीओ पुष्पेन्द्र सिंह, एसआई नगर पालिका जितेन्द्र स्वरूप, जल संस्थान एक्सईएन मुंशीलाल वर्मा, एलईओ अनिल, एसओसी राकेश कुमार, विद्युत वितरण-2 वीरवल सिंह, सब डीएफओ सतेन्द्र तोमर उपस्थित रहे। बैठक में विगत राष्ट्रीय लोक अदालत पर चर्चा कर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वादों को नियत करें एवं अधिक से अधिक नोटिस की तामीली करावें तथा हर संभव प्रयास करें, जिससे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सकें।

---

साइबर हेल्प डेस्क की कार्रवाई

# पुलिस ने लोगों को गुम और गिरे हुए मोबाइल फोन लौटाए



**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना महरौनी के साइबर हेल्प डेस्क पर गिरे, खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। थाना महरौनी की साइबर हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीआईईआर पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड किया गया व मोबाइल फोन के आईईएमआई नम्बरों को रन कराया गया। सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 6 अदद गिरे हुए / खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। फोन बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रनि राजा दिनेश सिंह, उनि अभिषेक सिंह, कआ विपिन कुमार शामिल रहे।

---

छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

# कहानी, कविता और लेखन से शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

केपीएस पीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में एक शैक्षिक उन्नयन हेतु शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बीएलएड प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें छात्र-छात्राओं को शब्दों के माध्यम से कविता विधि, कहानी विधि, लेखन विधि के माध्यम से रूचि बढ़ाने के लिये कौशल विकसित किया गया। कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेले ने कहा कि छात्र-छात्राएँ कहानी, कविता, लेखन संवाद कौशल के माध्यम से ज्ञानवर्द्धन कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि उपर्युक्त विधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं की रूचि को बढाते हुये कौशल विकसित किया गया। प्रवक्ता निधि जैन ने कहा कि कहानी, कविता के माध्यम से छात्र अपने विषय ज्ञान को बढ़ा सकते हैं। संगोष्ठी को सफल बनाने में आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

**छात्र-छात्राओं की रूचि को बढ़ाते हुए कौशल विकसित किया गया**

---

वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को दी दीपांजलि

# कचहरी चौराहे पर अधिवक्ताओं और समाजसेवियों ने जलाई कैंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अधिवक्ता संवाद और मानव ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को कचहरी चौराहे पर अधिवक्ताओं और समाजसेवियों ने वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धापूर्वक दीपांजलि अर्पित की।

इस दौरान उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान को याद किया और उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने रानी लक्ष्मीबाई के राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया और उनकी वीरता की प्रशंसा की। एड. हरदयाल सिंह लोधी ने अपने कमेंट में कहा कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का जीवन हम सबके लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। उनकी बहादुरी और राष्ट्रप्रेम हमें सिखाता है कि हमें अपने देश और मूल्यों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। वहीं, मानव ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष एड.पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने जिस साहस से अंग्रेजों का मुकाबला किया, वह भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। आज हम सब मिलकर उन्हें दीपांजलि अर्पित कर रहे




हैं और यह संकल्प लेते हैं कि हम उनके आदर्शों पर चलेंगे। यह कार्यक्रम रानी लक्ष्मीबाई के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सुंदर माध्यम बना। इस कार्यक्रम में हरदयाल सिंह लोधी, सुनील देवलिया, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, महेंद्र पाराशर, शशिकांत राजपूत, शेरसिंह यादव, अनुराग लोधी, ब्रजेश श्रीवास्तव, जगदीश पटेल, सचिन जैन, गौ पुत्र प्रशांत शुक्ला, कमलेश लोधी, बलराम कुशवाहा, मनीष दुबे, विकास झां, देव सिंह, आशीष चौबे, रवि रैकवार, अक्षय गौतम, अनुज शर्मा, उमेश सोनी, वैभव सक्सेना, आनंद लोधी, बसंत पाराशर, शिवम पाराशर, दिलीप सिंह, प्रमोद नामदेव आदि कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### पटवारी निलंबित, दो शिक्षकों को थमाए शोकाज और 2 रोजगार सहायकों की बर्खास्तगी की अनुशंसा

# एसआईआर कार्य में लापरवाही व अनुशासनहीनता पर कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-बोड़ा

विधानसभा क्षेत्र-160 नरसिंहगढ़ में चल रहे निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। इस संबंध में अतिरिक्त तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बोड़ा द्वारा कलेक्टर (निर्वाचन) राजगढ़ को बर्खास्त सहित प्रतिवेदन भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, अधिकारी ने 18 नवंबर 2025 को मतदान केन्द्र क्रमांक 101 ग्राम पंचायत कोडियागोड और मतदान केन्द्र क्रमांक 122 ग्राम पंचायत उदपुरिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों ही केंद्रों के रोजगार सहायक अमृतलाल रूहेला कोडियागोड, राजेश यादव उदपुरिया।

### मौके पर अनुपस्थित पाए गए

लगातार अनुपस्थित होते हुए फोन रिसीव तक नहीं किया स्थानीय ब्लॉक लेवल अधिकारियों और कर्मचारियों ने बताया कि एसआईआर कार्य की शुरूआत से लेकर अब तक दोनों रोजगार सहायकों ने न तो उपस्थिति दर्ज कराई और न ही किसी प्रकार का सहयोग किया है। निरीक्षण के दौरान भी अधिकारी द्वारा कई बार फोन किए जाने के बावजूद दोनों कर्मचारियों ने कॉल रिसीव नहीं किया और न ही कॉल बैक किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अधिकारी ने इसकी सूचना जनपद पंचायत के अधिकारी राजाराम वर्मा को भी दी। वहीं दो अन्य शिक्षकों द्वारा भी इसी तरह की लापरवाही सामने आने पर उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है जबकि निर्वाचन पुर्नरीक्षण कार्य में लापरवाही के चलते नरसिंहगढ तहसील के पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा 160 नरसिंहगढ़ को प्रतिवेदन भेजा हे की आगे की कार्रवाई के लिए। इसकी प्रतिलिपि कलेक्टर निर्वाचन राजगढ़ को भेजा गया।

### 3 दिन कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित रहने पर पटवारी निलंबित

नरसिंहगढ तहसील के पटवारी दीपक चतुर्वेदी को हल्का नं 73 लश्करपुर कर्तव्य से अनुपस्थित पाए जाने एवं मोबाइल बंद होने के कारण इसे निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में रूचि नहीं लेना एवं स्वैच्छारिता व लापरवाही को प्रदर्शित करता है जिसके चलते मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही पर इन शिक्षकों को मिले शो-कॉज

एसडीएम नरंसिहगढ ने मतदान केंद्र 95 पर नियुक्त मानसिंह परमार सहायक शिक्षक मा वि पीपल्यारसोडा को विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर में लापरवाही करने व मतदाताओं के प्रपत्र 17 नवंबर 25 तक ऑनलाइन न करने पर बीएलओ सुपरवाईजर नोडल अधिकारी द्वारा आपके मतदान केन्द्र पर जाकर आपको कार्य में प्रगति लाने के संबंध में बताया गया इसके उपरांत भी 18 नवंबर को उपरान्ह 4 बजे तक केवल 08 मतदाताओं के गणना प्रपत्र को बीएलओं एप के माध्यम से ऑनलाईन किया गया । निर्वाचन जैसे मतव्पपूर्ण कार्य में रूचि नहीं लेना आपकी स्वैच्छाचारिता व लापरवाही को प्रदर्शित करता है जो कि मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1966 के नियम 10 के अ्रतर्गत दंडनीय अपराध है। 24 घंटे में अपना जवाब स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करें नहीं तो एक पक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जावंगी जिसके लिए स्वयं ही जिम्मेदार होगे। वहीं नरंसिहगढ़ ने मतदान केंद्र 103 पर नियुक्त नोटिस दिलीप कुमार भिलाला प्राथमिक शिक्षक जोगीपुरा को विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर में लापरवाही करने व मतदाताओं के प्रपत्र 17 नवंबर 25 तक ऑनलाइन न करने पर बीएलओ सुपरवाईजर नोडल अधिकारी द्वारा आपके मतदान केन्द्र पर जाकर आपको कार्य में प्रगति लाने के संबंध में बताया गया इसके उपरांत भी 18 नवंबर को उपरान्ह 4 बजे तक केवल 08 मतदाताओं के गणना प्रपत्र को बीएलओं एप के माध्यम से ऑनलाईन किया गया । निर्वाचन जैसे मतव्पपूर्ण कार्य में रूचि नहीं लेना आपकी स्वैच्छाचारिता व लापरवाही को प्रदर्शित करता है जो कि मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1966 के नियम 10 के अ्रतर्गत दंडनीय अपराध है। 24 घंटे में अपना जवाब स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करें नहीं तो एक पक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जावंगी जिसके लिए स्वयं ही जिम्मेदार होगे।

एक अन्य हादसे में ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर घायल हुआ युवक

## अलाव तापते में बेहोश हुए युवक को अस्पताल ले गए, मृत घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले में भीषण सर्दी का दौर जारी है वहीं शीतलहर और सर्दी से बचने लोग अब अलावों का सहारा लेने लगे हैं। मंगलवार देर शाम अपने घर के सामने अलाव जलाकर ताप रहा 28 वर्षीय युवक अचानक बेहोश होकर पीछे गिर पड़ा। बाद में परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार नेसड़ी गांव निवासी मुकेश पिता मुन्नालाल वर्मा ने मंगलवार शाम करीब 7 बजे सामान्य रूप से घर के सामने अलाव जलाया।

तभी अचानक बैठे-बैठे ही वो पीछे की तरफ गिरकर बेहोंश हो गया। परिजन तुरन्त युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को मृतक के पोस्टमार्टम उपरान्त पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है।

### अज्ञात टैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

मंगलवार देर शाम हुई एक अन्य दुर्घटना में खुजनेर थाने के लिम्बोदा निवासी घनश्याम पिता कन्हैयालाल किरार बाईक से खजूरी गांव जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे एक अज्ञात टैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में घनश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में घायल को जिला अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त रेफर कर दिया गया।

### अवैध मदिरा निर्माण व परिवहन पर लगाई जा रही सख्ती से रोक

## आबकारी की संयुक्त कार्रवाई में 20 हजार की मदिरा हुई बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



कलेक्टर एवं जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले मे अवैध मदिरा के निर्माण,धारण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 18 नवंबर को व्यावरा वृत्त प्रभारी दीपक राजपूत के द्वारा क्षेत्र गश्त के दौरान वृत्त व्यावरा क्षेत्र के व्यावरा, ग्राम कासौर, डोबडा, मलावर, तलावली, मानकी, जामी, गिन्दौर हाट आदि के संदिग्ध स्थलो पर दबिश देकर , 1 8पीएम पाव, 12 पाव देशी प्लेन, 4 पाव मसाला मदिरा, 6 पावर 10000 केन, 58 लीटर कच्ची मदीरा एवं महुआ लहान 90 किलो जप्त हुई जिसे विधिवत कार्यवाही कर कब्जे आबकारी लिया। आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के 10 आपराधिक प्रकरण कायम किये एवं चार खाली तलाशी बनाई। उक्त प्रकरणों में जप्त मदिरा का कुल मूल्य 20 हजार 870 रुपए जप्त की गई । उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप भादे, सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे, खिलचीपुर व्रत प्रभारी अंकित चैहान, परीविक्षाधीन आबकारी उप निरीक्षक अर्चना भवारे , आबकारी मुख्य आरक्षक मोहन सिंह यादव, आरक्षक गौरीशंकर विजयवर्गीय, परीविक्षाधीन आरक्षक शिवम पचाया, दिव्यांशी गौर, रतनेश परिहार, गौतम लोधी, राशिका साहू, महिमा मीना, संजय ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया।

बदहाल हो रहे ट्रैफिक को देखते हुए नपा प्रबंधन की कार्यवाही

## हाट-बाजार से दशहरा मैदान में शिफ्ट करवाई सब्जी की दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

राजगढ़ नगर में हर बुधवार साप्ताहिक हाट-बाजार लगता है जिसमें सैकड़ों की संख्या में दुकानदार सहित अन्य लोग आया करते हैं। ऐसे में सुगम यातायात के दृष्टिकोण से दो वर्ष पूर्व नगर पालिका ने मेन मार्केट के सब्जी विक्रेताओं को हर बुधवार अपनी दुकानें दशहरा मैदान में लगाने की हिदायत दी थी। शुरूआत में तो सब्जी विक्रेताओं ने इसका पालन किया लेकिन बीते कुछ हफ्तों से अनेकों सब्जी विक्रेताओं ने हाट-बाजार में ही अपनी-अपनी दुकानें लगाना शुरू कर दिया था। ऐसे में बदहाल यातायात व्यवस्था को देखते हुए कल नगर पालिका प्रबंधन की टीम ने सख्त रुख अपनाते हुए मार्केट में दुकानें लगा रहे सभी तरह के सब्जी विक्रेताओं को निर्धारित स्थान दशहरा मैदान पर शिफ्ट करवा दिया। हालांकि, इस दौरान नगर पालिका की टीम को विक्रेताओं के आक्रोष का भी सामना करना पड़ा परन्तु टीम ने किसी की नहीं सुनी और जैसे ही चालानी कार्यवाही की शुरूआत हुई तो अन्य विक्रेता स्वयं अपनी-अपनी दुकानें, ठेले आदि दशहरा मैदान में लेकर पहुंच गए।

### आगे से काटेंगे सभी के चालान

नगर पालिका प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि बुधवार के साप्ताहिक हाट-बाजार में कोई भी सब्जी विक्रेता मेन मार्केट में अपनी दुकान नहीं लगाएगा। अगर इसके बावजूद मार्केट में दुकानें नजर आईं तो चालानी कार्यवाही कर दी जाएगी।

## इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

**ब्यावरा।** ब्यावरा विधानसभा के सुठालिया ब्लॉक में बूढ़ा महादेव पर इंदिरा गांधी की जयंती पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्लॉक अध्यक्ष जोधाराम गुर्जर द्वारा ब्लॉक स्तरीय मीटिंग रखी गई जिसमें सुठालिया ब्लॉक की कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें धर्मेंद्र सोंधिया उपाध्यक्ष, मनीष बैरागी उपाध्यक्ष, सचिन शर्मा महासचिव, जगदीश सोंधिया महासचिव, राकेश सोंधिया महासचिव, पहलवान लोधी सचिव दीपक सोंधिया सचिव आदि की नियुक्तियां की गई। साथ ही जिला उपाध्यक्ष अंकित सरावत, विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर, छात्र नेता एलकर सोंधिया, कॉलेज अध्यक्ष संदीप लोधी, विधानसभा सचिव संदीप गुर्जर, गब्बर गुर्जर सहित सभी एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेसजनों ने उत्साह से मनाई इंदिरा की जयंती



**ब्यावरा।** भारत रत्न आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्रि इंदिरा गांधी की जन्म जयंती के अवसर पर ब्लाक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा शासकीय अस्पताल ब्यावरा मे पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी भर्ती मरीजो एवं उनके परिजनो को फल -बिस्कुट वितरित किए। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रसिंह सोंधिया द्वारा इंदिरा गांधी जी के द्वारा किए गए देश हित के महत्वपूर्ण कामों को बताया साथ ही पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने तत्कालीन समय में उनके महिला सशक्तिकरण के कार्यों उनकी विभिन्न योजनाओं जैसे बैंकों के राष्ट्रीयकरण करने, पाकिस्तान के दो टुकड़े करके बांग्लादेश जैसा नया देश बनाना, अमेरिका को उसी की आवाज में मुंह तोड़ने वाले प्रसंग को सभी को बताया कार्यक्रम में ग्रामीण अंचल की महिलाओं की भी भागीदारी रही।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची के गहन परीक्षण एवं आज के कार्यक्रम को विस्तार से बताया। आभार शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे ने किया। कार्यक्रम मे जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे, मंडल अध्यक्ष ज्ञानू विजयवर्गीय, युनुस मोहम्मद, कैलाश कुशवाह, अमन अरोरा, संजय बंसल, जगदीश सेन, राजू वर्मा, रामनारायण भारती, फूल सिंह वर्मा, धनश्याम पाराशर, फिरोज लाला, राहुल दांगी, राजेश सौंधिया, राजू सौंधिया, साजिद खान, अतीक खान, दाऊद अहमद, नौशाद अंसारी, राजा भाई ढेकेदार, फूलसिंह वर्मा मौजूद रहे।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तथा शहर कांग्रेस कमेटी कुरावर ने मनाई इंद्रा जयंती

कुरावर में भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जन्म जयंती मनाई गई डॉ रविन्द्र मीना ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री ने भारत देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में, कृषि के क्षेत्र में, रक्षा के क्षेत्र, देश मे उद्योगिकरण, रोजगार के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया और पूरे विश्व में भारत देश का डंका बजाया है उन्होंने अपनी कूटनीति से पाकिस्तान की दो फाड़ कर बांग्लादेश का निर्माण किया। 93 हजार पाकिस्तानी सैनिको को घुकनो के बल बैठा आत्मसमर्पण करने पर मजबूर किया और पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया हम ऐसी लोह महिला के पद चिन्हो पर चलने का प्रण लेते हैं।

## करोड़ों के विद्युत ग्रिड सहित पंचायत भवन का मंत्री टेटवाल ने भूमिपूजन किया



**सारंगपुर।** बुधवार को सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बावली में 2 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए विद्युत ग्रिड का भूमि पूजन मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा विधिवत सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, पार्टी पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह नया ग्रिड क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को स्थाई रूप से सुदृढ़ करेगा तथा करीब 10 गाँवों की वर्षों से चली आ रही बिजली समस्या का समाधान सुनिश्चित करेगा। इसी क्रम में मंत्री टेटवाल ने ग्राम पंचायत कांकरिया में अटल पंचायत भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। साथ ही पुलिया निर्माण तथा सीसी रोड का लोकार्पण कर ग्रामवासियों को महत्वपूर्ण आधारभूत सुविधाओं की सौगात दी। करोड़ों की लागत से स्वीकृत इन जनकल्याणकारी कार्यों ने ग्रामीणों में विकास के प्रति विश्वास और उत्साह को और मजबूत किया है। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाना, आवश्यक सुविधाओं का विस्तार व हर परिवार को समृद्धि से जोड़ना है। आश्वस्त किया कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य निरंतर जारी रहेंगे। ग्रामीण विकास, मूलभूत सुविधाएं और आत्मनिर्भरताकृइन्हीं संकल्पों के साथ क्षेत्र को प्रगतिशील दिशा देने के प्रयासों को आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि हर गाँव मजबूत हो, हर घर समृद्ध हो और हर नागरिक आत्मनिर्भर बने।

## एसआईआर 90 फीसदी पूर्ण, बीएलओ सम्मानित

**राजगढ़।** जिले में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्य(एसआईआर) द्रुत गति से जारी है। उक्त कार्य के लिए मतदान केंद्र वाईज बीएलओ नियुक्त करते हुए उनकी सहायता के लिए अन्य कर्मचारियों को भी पाबंद किया गया है। इसके बावजूद जिले में एसआईआर कार्य की प्रगति काफी धीमी है। हालांकि, कुछ बीएलओ ऐसे भी हैं जो पूरी तन्मयता के साथ एसआईआर कार्य में जुटे रहकर काम को निर्धारित अवधि में पूर्ण करने में लगे हुए हैं। ऐसे उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले प्रदेश के पांच बीएलओ को कल राजधानी भोपाल में निवार्चन आयोग द्वारा शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें राजगढ़ जिले की खिलचीपुर विधानसभा के




मतदान केंद्र क्रमांक-147 भंडावद के बीएलओ देवकरण शर्मा भी शामिल हैं। शर्मा ने कुल 1173 मतदाताओं में से 1056 मतदाताओं के फार्म डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण कर दिया है। उपलब्धि पर आयोग ने सम्मानित किया।

## बीएलओ को समय-सीमा में कार्य करने किया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

नगर मे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम मे गणना पत्रक की स्तिथि एवं उनके डिजिटलाईजेशन कार्य की प्रगति के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा द्वारा वार्ड वार भ्रमण किया गया तथा सभी बीएलओं को पूरी निष्ठा से समय सीमा में कार्य करने हेतु प्रेरित किया । साथ ही नगर परिषद कर्मचारियों को भी बीएलओं की सहायता हेतु लगाया गया। कम प्रगति वाले बीएलओ को निर्देशित किया गया शर्मा द्वारा बताया गया कि नगर परिषद कार्यालय में मतदाताओं की सुविधा हेतु वर्ष 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध है कोई भी मतदाता कार्यालय में आकर अपनी जानकारी ले सकता है साथ ही फार्म भरने में भी सहायता की जा रही है। उनके द्वारा समस्त मतदाताओं से अपील भी की कि समय पर फार्म भरकर बीएलओ को प्रदान करें। सीएमओ के साथ सुपरवाईजर जितेन्द्र सिंह, नपा के भूपेन्द्र लोहिया बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि भी उपस्थित रहे ।

आधा सैकड़ा से अधिक बार रक्तदान कर चुके राजेश सक्सेना 'बब्बल' का निधन

## कईयों को जीवन देकर दुनिया छोड़ गया राजगढ़ का 'रक्तवीर दानी'



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

कहते हैं भगवान को भी अच्छे लोगों की जरूरत होती है और वे उन्हें अपने पास बुला लिया करते हैं। एक ऐसे ही दुलर्भ ब्लड ग्रुप वाले रक्तदाता खुशमिजाज, जिंदादिल शख्स राजेश सक्सेना उर्फ बब्बल का मंगलवार-बुधवार की रात्रि इंदौर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। अपने 61 वर्ष के जीवन में स्व. सक्सेना आधा सैकड़ा से अधिक बार रक्तदान कर दूसरों का जीवन बचाने में मददगार बने थे।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में पदस्थ स्वर्गीय राजेश ने अपने पूरे जीवनकाल में 55 से अधिक बार रक्तदान करते हुए कई लोगों की जान बचाई। थैलेसीमिया पीड़ित ऐसे बच्चे जिनका ब्लड ग्रुप ए-नेगेटिव रहता था, उनके लिए श्री सक्सेना भगवान से कम नहीं थे। उन्होंने अपने मोबाइल नंबर तक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के अभिभावकों को उपलब्ध करवा रखे थे। इसके साथ ही जब, जिसे, जहां भी ए-नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता पड़ती, सूचना मिलते ही वे तुरन्त वहां पहुंच जाते थे। बीते कुछ माह से उन्हें कैंसर हो गया था और इसी बीमारी के चलते आज राजेश सक्सेना इस दुनिया में नहीं हैं। बुधवार तड़के उनके निधन का समाचार पहुंचते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। आपको बतादें कि स्वर्गीय राजेश सक्सेना के पिता स्व. उदित नारायण सक्सेना एक स्वतंत्रता संग्राम सैनानी थे।

### कई पुरस्कारों से नवाजे जा चुके हैं स्व. बब्बल

रक्तदान के साथ-साथ समाजसेवा से जुड़े कार्यों में सदैव बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले स्व. श्री राजेश अपने जीवनकाल में प्रशासन सहित कई सामाजिक, स्वयंसेवी व अन्य संस्थाओं द्वारा उन्हें विभिन्न पुरस्कारों एवं सम्मान से नवाजे जा चुके थे। रक्तदान के साथ-साथ नेत्र शिविरों में भी वे आगे-आगे रहकर निस्वार्थ भाव से कार्य करते थे। इसके साथ ही अपने जीवनकाल में मिले अलग-अलग प्रशासनिक दायित्वों का भी उन्होंने बखूबी निवर्हन किया था।

## मंत्री टेटवाल की मौजूदगी में बीएलओ 2 प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

स्थानीय सेवा सदन कार्यालय में बुधवार को एसआईआर अभियान के तहत बीएलओ-2 प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल उपस्थित रहे। कार्यशाला में बीएलओ-2 साथियों को क्षेत्रीय दायित्वों से संबंधित सभी आवश्यक जानकारियाँ विस्तार से प्रदान की गईं, ताकि क्षेत्र में कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता और दक्षता को और अधिक मजबूत किया जा सके। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और सीखने की उत्सुकता इस प्रशिक्षण की मुख्य विशेषता रही, जिसने पूरे कार्यक्रम को अधिक सार्थक और प्रभावी बनाया। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रशिक्षण का उद्देश्य एक संगठित टीम और सशक्त प्रणाली का निर्माण करना है, जिसका संदेश प्रशिक्षण में स्पष्ट रूप से प्रकट होता है। इसमें जिला प्रभारी निर्मल जैन, विस प्रभारी मनीष सक्सेना, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, विकास दीक्षित, गिरवर भंडारी, विनोद आदि रहे उपस्थित।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड क्र. 921486145630 में मेरा नाम वर्षा गोयल (VERSHA GOYAL) पत्नि राजेन्द्र एवं मेरे मूल निवासी प्रमाण-पत्र में वर्षा गोयल पत्नि राजेन्द्र गोयल नाम अंकित है एवं मेरे वोटर आई.डी कार्ड लीला पत्नि राजेन्द्र एवं भूमि विक्रय पत्र में लीला बाई पत्नि राजेन्द्र कुमार एवं भूमि से संबंधित डायवर्सन दस्तावेज में लीला बाई उर्फ वर्षा नाम अंकित है एवं मेरी अंक सूची में लीला अग्रवाल नाम अंकित जो कि उक्त तीनों नाम मेरे ही है।
अतः प्रकाशन उपरांत मेरा नाम वर्षा गोयल उर्फ लीला के नाम से जाना व पहचाना जावे।